



## एक नजर में

### कालाखेत मंदिर के वरिष्ठ पुजारी बाबूलाल जोशी दिवंगत



**राजगढ़ 25 जुलाई, का.** स्थानीय कालाखेत स्थित हनुमान मंदिर माता मंदिर के पुजारी बाबूलाल जोशी का शुक्रवार को लगभग 70 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया. वह दीपक जोशी, अतुल जोशी, आशीष जोशी के पिताश्री थे. उनके निधन से नगर सहित आसपास क्षेत्र में उनके मिलने-जुलने वालो में गहरा शोक छा गया. वह स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त हुए थे. बेहद धार्मिक प्रवृत्ति के श्री जोशी सेवाभावी एवं सामाजिक आयोजनों में अग्रणी रहते थे. वह ज्योतिष शास्त्र के भी अच्छे जानकार रहे. उनके निधन से हर आयु वर्ग के लोगों में शोक छा गया. उनकी तबीयत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिए इंदौर ले गये थे जहां शुक्रवार को प्रातः उन्होंने अंतिम सांस ली. शुक्रवार की देर शाम को स्थानीय मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया जिसमें जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, विभिन्न संगठनों के सदस्यों, गणमान्य नागरिकों, समाज बंधुओं ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की.

### नागरिक सहकारी बैंक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का सम्मान

**ब्यावरा 25 जुलाई, का.** जिला नागरिक सहकारी बैंक के नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का राज्यमंत्री द्वारा स्वागत सम्मान कर बधाई दी गई. बैंक के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आनंद त्रिपाठी एवं उपाध्यक्ष मुकेश नामदेव ने गुरुवार को राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार के ब्यावरा स्थित निवास पहुंचे जहां स्वागत सम्मान समारोह रखा गया. राज्यमंत्री श्री पंवार ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का साफा बांधकर स्वागत कर बधाई दी. साथ ही बैंक को और अधिक आगे कैसे बढ़ाया जाये तथा बैंक से और अधिक लोगों को कैसे जोड़ा जाये इन सब बातों पर सुझाव दिए. इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजू यादव भी उपस्थित रहे.

### कालसर्प योग शांति यज्ञ अनुष्ठान 29 को

**राजगढ़ 25 जुलाई, का.** प्रतिवर्षानुसार इस बार भी 29 जुलाई नागपंचमी पर नगर के अति प्राचीन बैद्यनाथ महादेव मंदिर खोयरी धाम पर कालसर्प योग शांति यज्ञ अनुष्ठान कार्यक्रम रखा गया है. उपरोक्त जानकारी देते हुए पं. हेमेन्द्र शर्मा ने बताया कि कालसर्प दोष से पीड़ित जातको के अभ्युदय, सुख, समृद्धि, संवर्धन एवं मनवांछित फल प्राप्ति के निम्मित अपने आप में ही विलक्षण सामूहिक कालसर्प योग शांति यज्ञ अनुष्ठान प्रमाणिक धार्मिक व शास्त्रीय ग्रंथो के आधार पर श्रेष्ठ मुहूर्त तथा विधि अनुसार विद्वान ब्राह्मणो के द्वारा नागपंचमी के दिन 29 जुलाई को खोयरी धाम पर सम्पन्न कराया जाएगा. विदित है कि प्रतिवर्ष नागपंचमी पर यह आयोजन किया जाता है जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिक शामिल होकर इसका लाभ उठाते है.

# मरम्मत के इंतजार में जिले के 393 स्कूल

## झालावाड़ के पिपलोदी की घटना से लेना होगा सबक, समय रहते करवानी होगी मरम्मत

**दरकते प्लास्टरों के बीच पढ़ाई करने को मजबूर विद्यार्थी**

**झालावाड़ के पिपलोदी की घटना से सचेत होकर सीख लेना होगी**

**बारिश में अधिक खतरा, स्वीकृति के बाद होगी मरम्मत**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/राजगढ़ 25 जुलाई, का. पढ़ाई के स्तर को बेहतर से बेहतर बनाने शासन द्वारा लाखों, करोड़ो रुपये खर्च कर बच्चों को शासकीय स्कूलों में अच्छी से अच्छी पढ़ाई की सुविधा देने प्रयास किए जा रहे है तो दूसरी और जिले में दर्जनों ऐसे शासकीय शाला भवन जीर्णशीर्ण अवस्था में है जिनको मरम्मत का इंतजार है. ऐसे ही जर्जर भवनों में जोखिम उठाकर नौनिहाल पढ़ाई करने को मजबूर है. बारिश में खतरा और भी बढ़ गया है. समय रहते सचेत होते हुए राजस्थान के पीपलोदी में हुई घटना से सीख लेकर इस गंभीर मुद्दे पर तुरंत कदम उठाना होंगे.**

गौरतलब है कि जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जनों की संख्या में ऐसे शासकीय स्कूल भवन है जिनकी छत, दीवार, फर्श टूटफूटकर बदहाल अवस्था में है. मजबूरी में ऐसे ही जर्जर भवनों में बच्चे पढ़ाई कर रहे है. जिले की 393 प्राथमिक शालाओं की मरम्मत हेतु जिले से प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को गया है.



### पंचायत, आंगनबाड़ी में लग रही शालाएं

ब्यावरा विकासखण्ड में 12 शालाओं को पंचायत भवन, आंगनवाड़ी भवन, मंदिर प्रांगण, निजी घर, दालान में शिफ्ट किया गया है. जानकारी के अनुसार प्रावि अमरपुरा मंदिर प्रांगण में, प्रावि सारस्याबे आंगनवाड़ी भवन, प्रावि ढण्ड आंगनवाड़ी भवन, प्रावि नाल्याखेड़ी निजी भवन, प्रावि बेडाबे पंचायत भवन, प्रावि जामन का पुरा निजी भवन, प्रावि कांदियाखेड़ी निजी भवन, प्रावि बागडियाखेड़ी निजी भवन, प्रावि बरखेड़ी (अमरगढ़) आंगनवाड़ी भवन, प्रावि माताण्ड ब्यावरा ऑडिटोरियम भवन में संचालित की जा रही है. जबकि जिले में अनेक ऐसे शासकीय स्कूल भवन है जिनकी छत, दीवार, फर्श टूटफूटकर बदहाल अवस्था में है. मजबूरी में ऐसे ही जर्जर भवनों में बच्चे पढ़ाई करने को मजबूर है.

**जोखिम भरा आंधी, बारिश** -जर्जर भवनों के लिए तेज आंधी और बारिश बेहद खतरनाक होता है. जहां टूटफूटी चुकी छतों से पानी टपकता है वहीं इनके धराशायी होने का डर हर समय लगा रहता है. बारिश के मौसम में आंधी, बारिश जारी है, इसके पूर्व ही ऐसे जर्जर भवनों की मरम्मत होना सुरक्षात्मक दृष्टि से अति आवश्यक था. उल्लेखनीय है कि पूर्व में कुछ जर्जर भवनों की छत से प्लास्टर भरभराकर नीचे आ गिरा है.

### इन स्कूलों में मरम्मत की शीघ्र दरकार

वैसे तो जिले भर में करीब 393 प्राथमिक शालाओं को मरम्मत की जरुरत है. किंतु कई ऐसे शाला भवन है जिनको मरम्मत की जल्द से जल्द दरकार है. राजगढ़ ब्लॉक के शासकीय मावि खजूरी, शासकीय प्रावि मदापुरा, उदपुरिया, मावि नरी, प्रावि खेड़ी, प्रावि कानबे, प्रावि बंजारा का पुरा, प्रावि पाटरी कला, मावि छायन, प्रावि मोकमपुरा, प्रावि रामपुरिया कलीखेड़ा, मावि रोजिया, प्रावि तुलसीपुरा, मावि बादलखेड़ी शामिल है. इसी प्रकार ब्यावरा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय अमरपुरा, प्रावि जामन का पूरा, प्रावि बरखेड़ी (अमरगढ़), प्रावि सारस्याबे, प्रावि कादियाखेड़ी सहित दर्जनों शाला भवन ऐसे है जहां जल्द मरम्मत किए जाने की आवश्यकता है.



जिन शाला के भवन अत्यधिक जर्जर है उन शालाओं को सुरक्षा की दृष्टि से अन्यत्र शिफ्ट किया गया है. सर्वे उपरांत जर्जर शाला भवनों के संबंध में विस्तृत जानकारी वरिष्ठ कार्यालय को भेजी जा चुकी है.

**करण सिंह भिलाला**
**जिला शिक्षाधिकारी, शिक्षा विभाग राजगढ़**

जो शाला भवन जर्जर अवस्था में है उनको अति आवश्यक, आवश्यक, सामान्य इन तीन केटिगिरी में रखा गया है. इनकी मरम्मत के लिए स्टीमेट बनाकर भेजा गया था. इसके लिए 1 करोड़ 37 लाख की राशि आयी है जो कि स्टीमेट की डिमांड के 25 प्रतिशत ही है. आयी राशि संबंधित संस्थाओं के एकाउंट में पहुंच गई है.

**नीरज व्यास**
**इंजीनियर, शिक्षा विभाग राजगढ़**



# हजार एमएम पार पहुंची बारिश, रिकॉर्ड तोड़ा

## जिले में सर्वाधिक बारिश ब्यावरा में

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 25 जुलाई, का. नगर सहित जिले में बारिश का सिलसिला जारी है. कहीं झमाझम बारिश तो कहीं बारिश की रफ्तार धीमे है. जिले में सर्वाधिक ब्यावरा में दर्ज हुई है. आज दिनांक तक नगर में बारिश का आंकड़ा 1000 एमएम के पार जा पहुंचा है.**

कुछ दिन से बारिश का क्रम थमने के बाद एक बार फिर बारिश का सिलसिला शुरु हो गया है. विगत दो-तीन दिनों से हो रही तेज बारिश ने नगर में बारिश का आंकड़ा 1029.8 पर पहुंचा दिया है. वर्षामापी केन्द्र राजगढ़ के अनुसार 25 जुलाई की सुबह 8 बजे तक जीरापुर में 502 एमएम, खिलचीपुर 570.9 राजगढ़ 574.1, ब्यावरा में 1029.8 एमएम, नरसिंहगढ़ 747.6, सारंगपुर 288.6 तथा पचोर में 508.6 एमएम बारिश हो चुकी है. जिले की औसत वर्षा आज तक 611.5 एमएम रही है. जबकि गत वर्ष आज दिनांक तक 478.6 एमएम बारिश ही हो सकी थी.

### शासकीय हाई स्कूल पीलूखेड़ी में साइकिल वितरण

**पीलूखेड़ी 25 जुलाई, सं.** हाईस्कूल में विधायक मोहन शर्मा द्वारा 43 बच्चों को साइकिल वितरण की गई. इस मौके पर विधायक ने कहा कि अच्छे परसेंटेज लाइए अपने मां-बाप का और गांव का नाम रोशन कीजिए. इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कुरावर डॉ दिनेश मंडलोई, जगदीश जागीरदार, दिनेश दांगी, लखन चौहान, रामेश्वर नायक, मोती सिंह चौहान, अनोखी लाल, रवि शर्मा, नारायण सिंह पाल, कैलाश मीणा, भगवान सिंह चौहान, पीलूखेड़ी सरपंच भोला सिंह राणावत, उपसरपंच दिनेश जाट, सचिव रघुवीर सिंह, अजय जाट, सुरेंद्र सिंह भदोरिया, प्राचार्य विक्रम सिंह चंद्रवंशी, राजेंद्र सिंह चौहान, योगेंद्र शर्मा, कैलाश मीणा आदि मौजूद रहे.



# मीरा बाई का जीवन भक्ति को समर्पित

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 25 जुलाई, सं.** विजयवर्गीय समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि मीराबाई की 522 वीं जयंती समाज सारंगपुर के द्वारा पूजा अर्चन आरती कर मनाई गई. इस अवसर पर प्रांत अध्यक्ष द्वारा उपस्थित समाज बंधुओं को मीरा बाई का चित्र भेट किया गया. प्रांत अध्यक्ष श्री विजयवर्गीय ने बताया मीरा का जीवन जाति वर्ग से ऊपर उठकर भक्ति का मार्ग अपनाने वाला रहा. उनका सामाजिक दृष्टिकोण उनके समय के सामाजिक और धार्मिक मानदडों से अलग था. मीरा ने सामाजिक बंधनों को अस्वीकार कर भक्ति का मार्ग अपनाया. पति की मृत्यु के पश्चात उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन कृष्ण को समर्पित किया. स्थानीय अध्यक्ष संजय विजयवर्गीय ने बताया मीरा ने एक स्त्री के रूप में समाज में विशिष्ट अपनी पहचान बनाई महिलाओं को उन्होंने सशक्त होने के लिए प्रेरित किया मीराबाई ने भक्ति को मुक्ति का मार्ग माना. इस अवसर पर विजय वर्गी समाज के समाजसेवी योगेश विजयवर्गीय, वीरेंद्र विजयवर्गीय, सतीश विजयवर्गी, प्रवीण विजयवर्गी, प्रदीप विजयवर्गीय एवं महिला मंडल परिवार सहित कई समाज बंधु उपस्थित रहे.

### उमरा पर जा रहे यात्रियों का स्वागत किया

**सारंगपुर 25 जुलाई, सं.** उमराह के लिए मक्का-मदीना शरीफ जा रहे यात्रियों का मुस्लिम समुदाय ने स्वागत किया. इस दौरान उमराह यात्री रफीक पटेल नयापुरा का स्वागत अबरार भाई अंसारी के नेतृत्व में किया गया. श्री अंसारी ने इस मौके पर बताया कि मुसलमानों की सबसे पवित्र और सबसे महत्वपूर्ण हज यात्रा के बाद उमराह को अक्सर छोटी यात्रा के रूप में जाना जाता है. इस मौके पर किरीट सोनी, सुजन सिंह, हुकुम राठौर, मोइन खान सहित अन्य समाजजन उपस्थित थे.

### मवेशियों के कुशलक्षेम के लिए टाला बांधा

**पड़ाना 24 जुलाई, सं.** वर्ष में एक बार आने वाली शीतला सप्तमी पर बच्चों की निरोगी काया के लिए ठंडा भोजन का भोग लगाया जाता है. उसी प्रकार श्रावण मास की अमावस्या पर भी ग्रामीण अंचल में मवेशियों की निरोगी काया के लिए अनुष्ठान करते नजर आ रहे है.

# तेज बारिश में कभी भी गिर सकते हैं 100 साल पुराने भवन

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 25 जुलाई, सं.** नगर में स्थित जर्जर सरकारी भवन व 100 वर्ष से भी अधिक पुराने निजी मकान के अचानक गिरने से किसी दिन भी घट सकती है बड़ी घटना जिम्मेदार नहीं दे रहे हैं ध्यान किसी बड़े हादसे का कर रहे हैं इंतजार. नगर के गांधी चौक टेंपो स्टैंड के पास बरसों पुराना शासकीय अस्पताल विगत 10- 15 सालों से खंडहर बना हुआ है जिसकी दीवार के सटे कई ग्रामीणजन वा स्कूली छात्र-छात्राएं वाहनों के इंतजार में आज भी खड़े रहते हैं जिस कारण किसी दिन भी बड़े हादसे हो सकता है.

इस खंडहर नूमा अस्पताल से किसी प्रकार की जनहानि ना हो इसके लिए मां आशापुरी मित्र मंडल सदस्य सहित ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग को एक आवेदन सोफा था लेकिन 1 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी प्रशासनिक अधिकारियों ने अभी तक इस और अपना ध्यान नहीं दिया.

# जरा संभलकर चलिए, सड़क नहीं यहां गड्ढे हैं और उनमें पानी भरा है

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 25 जुलाई, का.** नगर के मुख्य मार्गो की बदहाली किसी से छुपी नहीं है. पुराना ए.बी.रोड, राजगढ़ रोड पर विशालकाय गड्ढे होकर बारिश का पानी भर गया है जिससे वाहन चालको को गड्ढे नजर नहीं आने से दुर्घटनाएं हो रही है. ऐसे गड्ढो के बारे में पता चल सके इसके लिए गड्ढे के यहां संकेतक के रुप में डंडे लगा दिए गये है.



ऐसा ही नजारा मेडतवाल धर्मशाला से कुछ दूर अहिंसा द्वार पुल के यहां पुराना ए.बी.रोड पर देखा जा सकता है. यहां एक विशालकाय गड्ढा काफी लम्बे समय से हो रहा है, अब बारिश का पानी भर जाने से यह दिखाई नहीं दे रहा है जिसके कारण आये दिन वाहन चालक, पैदल राहगीर दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल तक हो रहे है.

**चार दिन भी नहीं चला पेंचवर्क**- इंदौर नाका पुल के आसपास उखड़े सड़क पर विशालकाय गड्ढे हो रहे है. विगत दिवस पीडब्ल्यू विभाग द्वारा उखड़ी सड़क पर गिट्टी बिछाकर पेंचवर्क कराया गया किंतु चार दिन भी यह नहीं टिक पाया और आज जस की तस स्थिति हो गई है. इसी तरह राजगढ़ रोड पर भी पेंचवर्क किया और यहां भी गिट्टी ऊपर आकर रोड पर बिखर रही है. इससे दुपहिया वाहन चालकों, पैदल राहगीरों की परेशानी और बढ़ गई है. **अस्पताल रोड की नहीं ली सुध**-सिविल अस्पताल रोड भी उखड़कर मार्ग पर गड्ढे हो रहे है. कर्मचारी कॉलानी के गेट के समीप विशालकाय गड्ढा होने से वाहन चालकों, राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.

# नकली नोटों की गड्डी दिखाकर असली गहना लूटा

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 25 जुलाई, सं.** शहर मे इन दिनों मोटर साईकिल चोरी, दुकानों मे चोरी, ठगी, जैसे आपराध बढ़ते जा रहे है. पुलिस इन पर रोक लगाने मे नाकाम साबित हो रही है. जिसका ताजा उदाहरण शुक्रवार को देखने को मिला जहां शहर के व्यस्त इलाकों में आज्ञात ठगों द्वारा एक महिला को नकली नोट की गड्डी दिखाकर असली मंगलसूत्र ले गये. महिला की रिपोर्ट पर पुलिस अज्ञात ठगों के खिलाफ प्रकारण दर्ज कर मामला जांच में लिया है. और आरोपी की तलाश की जा रही है. प्राप्त जानकारी के अनुसार सायरा बाई उम्र 65 वर्ष निवासी किठौर जिला शाजापुर, आपने घर से बाजार करने आई थी इसी बीच पाड़ल्या रोड़ पर खड़ी थी. उसी दौरान दो अज्ञात युवा आए और पैसे का लालच देकर मंगलसूत्र महिला से उतरा लिया और फरार हो गए. जब महिला ने पैसे चेक करें तो एक 500 का नोट और एक 10 का नोट असली निकले बाकी सब कागज के टुकड़े निकले. महिला घबराकर थाने पर पहुंची जहां पर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची. जब तक दोनों युवक फरार हो चुके थे. महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है.

**अनदेखी** छापीडेम एवं शिवालय पर जाने के लिए बने पुल पर बनी रैलिंग क्षतिग्रस्त, हादसा होने का अंदेशा

# 53 साल पुराने छापीडेम के पुल की रैलिंग की सुध नहीं

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 25 जुलाई, सं.** नगर की जीवनदायिनी तत्कालीन समय का एक मात्र जल स्त्रोत छापी बांध का निर्माण सन् 1972में तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाश चंद सेठी एवं क्षेत्रीय विधायक प्रभु दयाल चौबे अथक प्रयासों से हुआ था. यह बांध अपितु नगर ही नहीं क्षेत्र के लिए जीवनदायिनी साबित हुआ जहां से लगभग 12 गांवों सहित क्षेत्र में छापी मध्यम सिंचाई परियोजना के तहत नहर से कृषि भूमि सिंचित क्षेत्र 2024 हेक्टेयर, खरीफ 202 हेक्टेयर, रबी 1822 हेक्टेयर में सिंचाई शुरू हुई जो अनवरत जारी है.

लेकिन काफी संघर्षो और पांच दशक की मेहनत से संवरे से डैम क्षेत्र में लापरवाही सामने आने लगी है. यहां मुख्य रास्ते की रैलिंग क्षतिग्रस्त हो चुकी है. सावन में यहां हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते है. ऐसे में हादसा होने की आशंक बनीं रहती है. बांध एवं मंदिर तक पहुंचने के लिए पुल से होकर गुजरना होता है. जहां पुल पर लगी दोनों साइड रेलिंग क्षतिग्रस्त होकर टूट रही है एवं पुल पर रोड बनने के कारण पूर्व में लगी रेलिंग की ऊंचाई भी लगभग 2 फीट से कम हो गई है.



अभी वर्षा ऋतु में बारिश का पानी डेम में एकत्रित होकर डेम लबालब भरने के बाद वेस्टीवेयर से बाहर तेज बहाव से पानी बहता है. इस दरम्यान पुल से नीचे यह बहाव तेज रहता है ऐसे में पुल की रेलिंग ठीक करवाई जाना आवश्यक है.

### मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरी ओम शर्मा का कहना

छापीडेम के पुल के दोनों और लगी रेलिंग को प्राथमिकता से ठीक कराया जाकर ऊंचाई बढ़ाई जाएगी इसके लिए उपयंत्री को कार्य करने के लिए निर्देशित करते हैं शीध्र ही कार्य पूर्ण रूप में दिखाई देगा साथ ही नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी पवन कुशवाहा एवं परिषद के नेतृत्व में घाट परिसर में बंद एवं खराब पड़ी लाईटिंग ठीक करवाई जाएगी तथा मंदिर के बाहर छतरी पर पेंट एवं बैठक व्यवस्था ठीक करवाई जाएगी.

### कब क्या निर्माण हुए छापीबांध पर

वोट क्लब एवं घाट निर्माण तत्कालीन ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह के प्रयास से मंदिर परिसर को विकसित किया गया.
वोट क्लब एवं घाट निर्माण तत्कालीन ऊर्जा मंत्री विधायक प्रियव्रत सिंह के द्वारा 1 .46 करोड़ रुपए की लागत से काम हुआ जिसका भुमि पुजन 02/12/19 में नगर परिषद निर्माण एजेंसी द्वारा हुआ था. घाट एवं लाईटिंग का कार्य ,पार्क, वोट क्लब आदि का निर्माण करवाया था Iउस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष बलराम टांक की भुमिका भी रही. तत्कालीन नपाध्यक्ष दिनेश पुरोहित ने पार्क एवं परिसर में पेवर ब्लाक कार्य करवाया. इसके पुर्व तत्कालीन नगर परिषद अध्यक्ष दिनेश पुरोहित ने पार्क एवं पार्क में झुले एवं परिसर में बैठक व्यवस्था फेवर ब्लाक, बच्चों के मनोरंजन हेतु कार्य तथा मुख्य सड़क मार्ग से मंदिर तक सीसी निर्माण कार्य करवाए. पार्क एवं मंदिर पर बच्चे एवं दर्शनार्थी भगवान के दर्शन एवं बच्चों द्वारा पार्क में लुफ्त उठाया जाता है जहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं. लेकिन वर्तमान में सबसे बड़ी समस्या कभी हादसा की वजह नहीं बन जाये.


### जाहिर सूचना

श्रीमती कोमलबाई पति गोविन्द सिंह राजपूत निवासी बड़बेली तहसील कालापीपल द्वारा अपने वाहन क्रमांक MP42/AA8803 ट्रेक्टर पति की मृत्यु दिनांक 20.09.2023 को होने के उपरांत वाहन का अंतरण एवं HPA निरस्त का आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है. जिस किसी को आपत्ति हो तो वह सात दिवस में इस कार्यालय को प्रस्तुत करें.

आदेशार्थ
जिला परिवहन कार्यालय
शाजापुर म.प्र.

### जाहिर सूचना

श्रीमती दिपाबाई पति धर्मेन्द्र सिंह निवासी ग्राम गाडराखेडी के द्वारा वाहन क्रमांक MP42/ ZA5809 ट्रेक्टर पति की मृत्यु दिनांक 01.03.2024 को होने के उपरांत वाहन का अंतरण एव भाडा करार निरस्त का आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है. जिस किसी को आपत्ति हो तो वह सात दिवस में इस कार्यालय को प्रस्तुत करें.

आदेशार्थ
जिला परिवहन कार्यालय,
शाजापुर म.प्र.

### जाहिर सूचना

श्रीमती ज्योति लववंशी पति कमलसिंह निवासी शुजालपुर मंडी के द्वारा वाहन क्रमांक MP42/ MJ 8143 मोटरसायकिल पति की मृत्यु दिनांक 03.05.2021 को होने के उपरांत वाहन का अंतरण निरस्त का आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है. जिस किसी को आपत्ति हो तो वह सात दिवस में इस कार्यालय को प्रस्तुत करें.

आदेशार्थ
जिला परिवहन कार्यालय
शाजापुर म.प्र.

### कालसर्प योग अनुष्ठान

काल सर्प योग, शांति यज्ञ अनुष्ठान कार्यक्रम दिनांक **29 जुलाई 2025 मंगलवार** को प्रातः 10:00 से राजगढ़ (ब्यावरा) स्थित **प्राचीन शिवालय खोयरी मंदिर** में होगा. इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिये संपर्क करें. मोबाइल नंबर - **9425097546**

**In The Court Of Sushri Shreya Sharma, Senior Division, Biaora District Rajgarh Presiding Officer:**
**सुश्री श्रेया शर्मा**
**(आवेदन पत्र अंतर्गत 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक MJC SUC/000006/2025 )**
**कृतिका तिवारी ...... आवेदक**
**VS सर्वसाधारण ........ अनावेदक**
**Process id-/2025**
**पेशी दिनांक - 20/08/2025**

**प्रेषिती - 1.सर्व साधारण**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृतिका तिवारी पिता राजेश तिवारी पति हेमंत कटारिया निवासी वार्ड क्रमांक 01 मुल्तानपुरा ब्यावरा जिला राजगढ़ म.प्र. ने मृतक स्व. श्री राजेश नारायण तिवारी क राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन पं. अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम के तहत किया है. सुनवाई दिनांक 20 अगस्त 2025 को नियत है. यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधि प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 20 अगस्त 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे. सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा. यह आज तारीख 22 जुलाई 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है.

**न्यायाधीश**
**श्रेया शर्मा व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड ब्यावरा जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

**नोट**-किसी कारणवश इस दिन न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा.